षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-15.07.2019 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री राजेश कुमार, स०वि०स० श्री सदानंद सिंह, स०वि०स० श्री अवधेश कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अमीत कुमार, स०वि०स० श्रीमती अमिता भूषण, स०वि०स० श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स०	बिहार सरकार की बहुप्रचारित-महत्वाकांक्षी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को यूनिवर्सिटी या दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के कमीशन एजेंटों (दलालों) ने कमाई का जरिया बना लिया है । इस कार्ड से 4 लाख रूपये तक का शिक्षा ऋण पाने वाले छात्रों को फांसकर ऐसी यूनिवर्सिटी या संस्थानों में भी एडमिशन कराया गया, जहां न तो तय मानक का इंफ्रास्ट्रक्चर है और न ही एडमिशन की पारदर्शी प्रक्रिया जिससे तय सीट से ज्यादा संख्या में एडमिशन हुआ । जांच में ऐसे 4100 छात्रों का पता चला है, जो सरकार से लोन लेकर दलालों के कॉकस में फंसे हैं । सरकार ने इन छात्रों के नाम पर यूनिवर्सिटी को करीब 3 करोड़ रूपये दिए लेकिन जब बात खुली तो सरकार ने इन 4100 छात्रों का भविष्य अधर में लटका दिया है । अतः स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड में संलिप्त दलालों एवं 3 करोड़ हड़पने वाले पर कार्रवाई करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	शिक्षा

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री मनीष कुमार, स०वि०स० श्री रत्नेश सादा, स०वि०स० श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, स०वि०स० श्री रणधीर कुमार सोनी, स०वि०स० श्री सुबोध राय, स०वि०स० श्री जनार्दन मांझी, स०वि०स० श्री नरेन्द्र कुमार नीरज, स०वि०स० श्री मेवालाल चौधरी, स०वि०स०	प्रत्येक वर्ष सावन माह में करोड़ों श्रद्धालु एवं भक्त सुलतानगंज से पवित्र गंगाजल के साथ देवघर तक की पैदल यात्रा कर बाबा भोले नाथ को जल अर्पित करते हैं । सावन माह के अलावे पूरे वर्ष भी श्रद्धालुओं एवं भक्तों की यात्रा कावंड़िया मार्ग पर होती रहती है । सुलतानगंज से दुम्मा तक यह मार्ग बिहार राज्य के अन्तर्गत है लेकिन असरगंज से दुम्मा तक इस रास्ते की स्थिति काफी खराब होने के कारण सरकार द्वारा प्रतिवर्ष इस पथांश पर एक बड़ी राशि व्यय कर लाल बालू डालकर मार्ग को सहज बनाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन प्रतिवर्ष डाला गया यह लाल बालू वर्षा के पानी में बहकर खेतों में चला जाता है जिससे खर्च की गयी राशि अगले वर्ष तक उपयोग के लायक नहीं रहती है । अत: इस पथांश पर गार्डबाल बनाते हुए इस पर गंगा बालू डालकर श्रद्धालुओं के लिये पथ को सरल एवं सुगम बनाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	पथ निर्माण

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-18/19- 841 / वि०स०, पटना, दिनांक-12 जुलाई, 2019 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग तथा पथ निर्माण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12/7/19
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-18/19- 841 / वि०स०, पटना, दिनांक-12 जुलाई, 2019 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

12/7/19
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।